प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय प्राध्यापक सम्मानित

पन्तनगर। 19 नवम्बर 2024। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम, मेरठ के द्वारा आईसीएआर–राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, अजमेर, राजस्थान में आयोजित ऑल इंडिया नेटवर्क प्रोग्राम ऑफ ऑर्गेनिक फार्मिंग के तहत वर्ष 2023–24 में डा. डी.के. सिंह, प्राध्यापक एग्रोनामी एवं उनकी टीम को दूसरी बार बेस्ट सेंटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही पांच जैविक बासमती धान आधारित फसल प्रणाली के लिए जैविक उत्पादन तकनीक को आईसीएआर द्वारा मान्यता दी गई है तथा यह सम्मान आईसीएआर–एनआरएम–आईआईएफएसआर टेक्नॉलोजी 2023–ओ44 दिनांक 16 जुलाई 2023 के तहत ऑल इंडिया नेटवर्क प्रोग्राम ऑफ ऑर्गेनिक फार्मिंग द्वारा विश्वविद्यालय को जैविक उत्पादन तकनीकी पैकेजेस के विकास के लिए प्रदान किया गया। डा. सिंह ने बताया कि यह प्रमाण–पत्र हमारे अनुसंधान कार्यों की सफलता और उनकी व्यावसायिक महत्ता को मान्यता प्रदान करता है और जैविक कृषि में हमारे योगदान को सुदृढ़ करता है। इस उपलब्धि के लिए कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा उन्हें बधाई दी गयी।

1 एवं 2: सम्मान प्राप्त करते प्राध्यापक एग्रोनामी डा. डी.के. सिंह एवं अन्य।

निदेशक संचार